हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 6 दिसंबर 2025



04 सांसद खेल महोत्सव बना औपचारिकता स्थानीय...



07 अब नगरवासियों को हर शुक्रवार हाट...



## खबर संक्षेप

### होमगार्ड कार्यालय में कार्यक्रम आज

**विदिशा।** होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस पर आज होमगार्ड कार्यालय में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि विधायक मुकेश टंडन रहेंगे। परेड निरीक्षण, मार्चपास्ट, समीक्षा एवं संदेश वाचन होगा के बाद परेड कूच की अनुमति दी जाएगी। उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को सम्मानित किया जाएगा। अंत में आपदा उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

### मगधम स्कूल में आदि से अनंत कार्यक्रम आज

**विदिशा।** 10वें मगधम महोत्सव के तहत आज शनिवार को मगधम स्कूल में आदि से अनंत कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी रोहित काशवानी, डीएफओ हेमंत यादव, मेडिकल कॉलेज डीन मनीष निगम मौजूद रहेंगे। स्कूल संचालक सोमिल पलोड ने बताया कि कार्यक्रम शाम 4: 45 बजे से शुरू होगा।

### एसडीएम ने शासकीय स्कूल का निरीक्षण किया

**विदिशा।** ग्यारसपुर एसडीएम शशि मिश्रा ने हिम्मतपुर स्थित शाला का निरीक्षण कर शिक्षण व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कक्षाओं में पढ़ाई की स्थिति, शिक्षकों व विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन तथा साफ-सफाई की जांच की। एसडीएम ने विद्यार्थियों से अध्ययन सामग्री और पाठ्यक्रम की समझ के बारे में जानकारी ली। साथ ही शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण, नियमित मूल्यांकन और कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार प्रशासन की प्राथमिकता है। विद्यालयों का सतत निरीक्षण सुनिश्चित किया जाएगा।

### चार आंगनबाड़ियों को नोटिस देने के निर्देश

**हैदरगढ़।** एसडीएम शशि मिश्रा ने शुक्रवार को आंगबाड़ी केंद्रों, स्कूल एवं कन्या आश्रम शाला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 4 आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को मिलने वाले पोषण आहार, अभिलेख संधारण तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों में अनियमितताएं पाई गईं। कार्यकर्ताओं द्वारा संतोषजनक जानकारी न देने पर एसडीएम ने संबंधित केंद्रों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही परियोजना अधिकारी को सप्ताह में 3 दिन आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण कर रिपोर्ट जमा करने के निर्देश भी दिए गए। एसडीएम कन्या आश्रम शाला हैदरगढ़ पहुंचकर जायजा लिया।

## ऑपरेशन मुस्कान अभियान में विदिशा पुलिस को मिलीं बड़ी उपलब्धियां

# एक माह में 70 लापता बालिकाओं को खोजा वर्ष 2025 में 324 को सुरक्षित घर पहुंचाया

**अभियान मुस्कान का प्रभावः** 220 स्कूल, कॉलेज में 38 हजार से अधिक लोगों को किया गया जागरूक।


### 3 साल में 815 बालिकाओं को खोज चुकी पुलिस

पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर विदिशा एसपी रोहित काशवानी द्वारा अनुविभागीय अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए कि लापता बच्चों की खोज एवं सुरक्षित बरामदगी पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इन निर्देशों पर पुलिस लगातार काम कर रही है और कई प्रदेशों से नाबालिगों को खोजकर उन्हे परिजनों के सुदुर्द किया जा चुका है। एक माह के भीतर ही पुलिस 70 नाबालिग बालिकाओं की सुरक्षित परिजनों को सुपुर्द कर चुकी है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विदिशा पुलिस ने नवंबर माह में मुस्कान अभियान के तहत एक विशेष अभियान चलाया। जिसमें 70 नाबालिग बालिकाओं को खोजकर सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द किया गया।

इसी अभियान में 5 वर्ष से अधिक समय से गुम 8 बालिकाओं को विदिशा पुलिस ने खोजकर उनके परिजनों से मिलवाया जो पुलिस की सतत निगरानी, तकनीकी विश्लेषण और मानवीय संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी




विश्लेषण, सतत मॉनिटरिंग और अन्य जिलों एवं राज्यों की पुलिस के साथ समुचित समन्वय स्थापित किया। इसी के परिणामस्वरूप भोपाल, इंदौर, जबलपुर ग्वालियर, रायसेन, देवास सहित राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों से भी नाबालिगों को सुरक्षित बरामद किया गया।

### 220 स्कूल और कॉलेजों में 38 हजार से ज्यादा लोग जागरूक

*मुस्कान अभियान के तहत जिले में जागरूकता कार्यक्रम भी बड़े पैमाने पर आयोजित किए गए। महिला थाना, महिला सुरक्षा शाखा एवं निर्भया मोबाइल टीम ने छात्रावासों में जाकर बालिकाओं से संवाद किया। उन्हें सुरक्षा, आत्मरक्षा और कानूनी अधिकारों से अवगत कराया। माह नवंबर में 220 स्कूल/कॉलेजों में 38 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं एवं आमजन को जागरूक किया गया।*

### सजग रहने प्रेरित किया

इन कार्यक्रमों में महिला पुलिस अधिकारियों द्वारा बाल विवाह, पॉक्सो अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता तथा बाल उत्पीड़न और बाल अपराधों के दुष्प्रभावों पर विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता और अपने भविष्य के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़े हैं।

### हर साल बढ़ रही है बालिकाओं की संख्या

घर से बिना बताए भागने या प्रेम प्रसंग के मामलों में प्रेमी के साथ चले जाने से नाबालिग के लापता होने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ऐसे मामलों की संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। 2023 में 209 बालिकाएं लापता हुईं तो 2024 में 282 बालिकाएं लापता हुईं। जिन्हे पुलिस खोजकर लाई। वर्ष 2025 में 324 को पुलिस ने दस्तयाब किया है। कुल 815 बालिकाओं की सुरक्षित घर पहुंचाया गया है।

### एसपी की अपील



एसपी रोहित काशवानी ने अपील की है कि बालिकाओं, महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या, संदेह या आपात स्थिति में तत्काल महिला हेल्पलाइन 1090 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क करें।

## कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र का किया निरीक्षण

# उद्योगों को सोलर यूनिट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को जंबार बागरी समेत जिले की विभिन्न औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया। उन्होंने नेशनल केमिकल, मां बीजासन प्राइवेट लिमिटेड, जेनिथ ट्रेडिंग कंपनी, एग्रो वंडर पवार प्राइवेट लिमिटेड और श्री शॉ बायोग्रीन इकाइयों की उत्पादन क्षमता, कच्चे माल, सुविधाओं और मार्केटिंग व्यवस्था की समीक्षा की। कलेक्टर ने ऊर्जा लागत कम करने और उत्पादन बढ़ाने हेतु सभी इकाइयों को सोलर यूनिट स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही विस्तार और नवाचार के लिए विभागीय योजनाओं का लाभ लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन उद्योगों को हरसंभव सहयोग देगा, जिससे नए रोजगार अवसर सृजित होंगे।

### एडवोकेट नवीन जैन पुनः निर्विरोध अध्यक्ष बने



**कुरवाई।** 1008 चन्द्रप्रभु जिनालय की बैठक में एडवोकेट नवीन जैन को पुनः निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वह वर्ष 2016 से निरंतर सेवाएं दे रहे हैं, जिसकी सदस्यों ने सराहना की। समुदाय में सकारात्मक वातावरण निर्माण और उनके समर्पण को देखते हुए उन्हें दोबारा जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में यह भी तय हुआ कि नव-निर्वाचित अध्यक्ष अपनी कार्यकारिणी का गठन स्वतंत्र रूप से करेंगे, जिससे जिनालय की गतिविधियां और अधिक प्रभावी रूप से संचालित हो सकें।

### रंगई के पुराने पुल पर श्रमदान आज

**विदिशा।** रंगई स्थित बेतवा के प्राचीन 200 साल पुराने दो कौड़ी के जुर्माने के एवज में पुल को संरक्षित करने के लिए आज श्रमदान किया जाएगा। आज शनिवार को सुबह 7:30 बजे श्रमदान प्रारंभ होगा। श्रमदानी अरविंद श्रीवास्तव सचिव विरासत समूह, संयोजक इंटेक विदिशा इंटेक, ऋषि जालोरी, सह संयोजक इंटेक विदिशा ने श्रमदान में शामिल होने की अपील की है।

### नगर पालिका अमले ने माधवगंज क्षेत्र से साफ किया अतिक्रमण



**विदिशा।** कलेक्टर के निर्देश पर नगरपालिका सीएमओ और अतिक्रमण विरोधी दस्ता सोमवार को माधवगंज रेलवे स्टेशन से खरीफाटक रोड तक अतिक्रमण हटाने निकला। दल प्रभारी विजय बाघमरे ने बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से सड़क पर दुकानों के फैलाव और ठेला संचालकों की शिकायतें मिल रही थीं। पिछले एक महीने से बार-बार सूचना देने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद आज सख्ती से कार्रवाई करते हुए अवैध रुप से रखा सामान जब्त किया जा रहा है। नगरपालिका कर्मियों ने कहा कि यातायात सुचारू रखने और जनता की सुविधा के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## धूल से परेशान कांग्रेसी पार्षदों ने किया प्रदर्शन

### नेबुलाइजर मशीन लेकर नपा पहुंचे कांग्रेसी पार्षद कहाः सड़कों पर उड़ रही धूल से लोग हो रहे बीमार



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पार्षदों ने जर्जर सड़कों व उड़ती धूल से परेशान होकर शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन किया।

मास्क और नेबुलाइज़र लिए ढोल-नगाड़ों के साथ पार्षद नपा कार्यालय पहुंचे और नपा सीएमओ दुर्गेश ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। पार्षद रमा यादव और प्रतिनिधि राजा यादव ने कहा कि 3 साल से सड़कों की हालत बदतर है, धूल के कारण बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक सांस संबंधी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। बार-बार शिकायतों के बावजूद हालात नहीं सुधरे। सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने बताया कि विधायक निधि से एक करोड़ और पीडब्ल्यूडी द्वारा 30 करोड़ रुपए के सड़क कार्यों के टेंडर जारी किए गए हैं तथा एक महीने में निर्माण शुरू होगा। उन्होंने कम गुणवत्ता वाले कार्यों पर कार्रवाई के तहत 4.30 करोड़ के टेंडर निरस्त करने, नोटिस जारी करने और कुछ ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की जानकारी दी।

### पैरालीगल वॉलेंटियर भर्ती साक्षात्कार 14 को

**विदिशा।** राष्ट्रीय एवं राज्य सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं में विधिक सहायता हेतु पैरालीगल वॉलेंटियर के लिए विदिशा व गंजबासौदा में 20-20 तथा लटेरी, कुरवाई और सिरोंज में 10-10 पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। भर्ती हेतु साक्षात्कार 14 दिसंबर को जिला न्यायालय के द्वितीय स्थल के सभागार में होगा। इसके लिए क्षेत्रवार समय निर्धारित किया गया है।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२*, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

### उदयगिरि परिक्रमा के प्रेरक संजय पुरोहित को बालाजी मंदिर में सम्मानित किया गया



**विदिशा।** बालाजी मंदिर परिसर में आज मध्यप्रदेश पुजारी महासभा के अध्यक्ष एवं चरणतीर्थ मंदिर के पुजारी पंडित संजय पुरोहित का सम्मान किया गया। संस्कृत भारती के विभाग संयोजक सुरेंद्र सिंह कुशवाह, विश्वगीता प्रतिष्ठानम के चंद्रशेखर स्वर्णकार सहित विप्र समाज के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। पंडित संजय पुरोहित पिछले 8 वर्षों से हर माह शुक्ल पक्ष की एकादशी को 17 किलोमीटर लंबी उदयगिरि परिक्रमा पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। कार्यक्रम में पंडित विवेक भार्गव, अमित दुबे, देवकीनंदन शर्मा, ऋषभ तिवारी, अभिषेक तिवारी, शुभम शर्मा और सुमित शर्मा उपस्थित रहे।

### वात्सल्य में डेंटल चेकअप कैंप किया आयोजित



**विदिशा।** वात्सल्य स्कूल में शुक्रवार को कक्षा 1 से 8वीं तक के छात्रों के लिए रोटरी क्लब के सहयोग से डेंटल कैंप लगाया गया। यह कैम्प ऋषि राज कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस एण्ड रिसर्ज सेंटर भोपाल के वरिष्ठ डॉक्टरों के द्वारा किया गया। जिसमें छात्रों में हो रही दांतों की बीमारियों से बचने के उपाय एवं दांतों के रखरखाव की जानकारी दी गई। जिन बच्चों के दांतों में समस्या निकली उनके पालकों को बुलाकर समझाइश दी गई। कैंप आयोजित करने के लिए विद्यालय की संचालक देवना अरोरा, नम्रता अरोरा एवं प्राचार्य संजय शर्मा ने डॉक्टर जेएस जादौन, डॉ. अर्पण श्रीवास्तव, डॉ. अनिकेत प्रंचद एवं अन्य डॉक्टर का आभार व्यक्त किया।

# आईजी बोलेः जिले में ट्रैफिक व्यवस्था ठीक करो, पुलिसकर्मियों से कहाः क्राइम को रोकने समय पर एक्टिव रहना बेहद जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

भोपाल रेंज के आईजी अभय सिंह शुक्रवार को वार्षिक अपराध समीक्षा के लिए विदिशा पहुंचे।

उन्होंने जिले में अपराध नियंत्रण की स्थिति, पुलिस की कार्यप्रणाली और विभिन्न अभियानों की प्रगति का जायजा लिया। आईजी ने सीएसपी कार्यालय और कोतवाली थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों से सीधी बातचीत की और उनकी कार्यप्रणाली को बारीकी से समझा। उन्होंने थानों में रिकॉर्ड, केस डायरी,



यातायात व्यवस्था, सीसीटीवी कवरेज और लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। आईजी ने जोर दिया कि अपराधों को रोकने के लिए जमीनी स्तर पर सक्रियता और समय पर प्रतिक्रिया आवश्यक है। उन्होंने आगे कहा कि जागरूकता के साथ-साथ नशे के कारोबार से जुड़े अपराधियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई को और तेज करना होगा। नवंबर माह में जिले में चलाए गए 'मुस्कान अभियान' के परिणामों की भी आईजी ने सराहना की।

### यातायात व्यवस्था सुधारने दिए निर्देश

मीडिया से बातचीत में आईजी ने विदिशा शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने मुख्य मार्गों, स्कूलों के आसपास, बाजार क्षेत्रों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि नियम तोड़ने वाले वाहनों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी और मार्गों पर चौकसी बढ़ाकर व्यवस्था को सुधारा जाएगा। आईजी ने नशे को सामाजिक और आपराधिक समस्याओं की जड़ बताया। उन्होंने इस पर सख्त रुख अपनाने के संकेत दिए और कहा कि एसपी रोहित काशिवानी ने नशा उन्मूलन में उल्लेखनीय कार्य किया है।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2776
उच्चतम भाव-5200
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7500
चना
न्यूनतम भाव-3900
उच्चतम भाव- 5701
मसूर
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-6350
ज्वार
न्यूनतम भाव-2010
उच्चतम भाव-5600
मक्का
न्यूनतम भाव-1050
उच्चतम भाव- 1727
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2510
उच्चतम भाव-3065
धान
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-3565
गेंहू
न्यूनतम भाव-2250
उच्चतम भाव-2900
उड़द
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-5850
बटरी
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3100

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 30820 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### यातायात पुलिस ने बनाए चालान



गंजबासौदा। शुक्रवार को जय स्तंभ चौक पर यातायात पुलिस ने विशेष जांच अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 21 वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए 6500 का जुर्माना वसूला गया। यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी ने बताया कि अभियान के दौरान दोपहिया वाहनों पर नंबर प्लेट नहीं थी, साथ ही, कई वाहन चालक वाहन के दस्तावेज और ड्राइविंग लाइसेंस भी प्रस्तुत नहीं कर पाए। जिसके चलते जुर्माने की कार्रवाई की गई। अनेक वाहन चालकों को समझाईश भी दी गई कि नशा करके वाहन न चलाऐं, तेज स्पीड में वाहन न चलाऐं, यातायात नियमों का हमेशा पालन करें, चार पहिया वाहन को सीट बेल्ट लगाकर ही चलाऐं, नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने न दें। वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें।

## जाड़ा पड़ते ही तने और पत्तियों पर कुछ इस तरह दिखी ओस की बूंदें ...



गंजबासौदा। इन दिनों ठंड के मौसम में जाड़ा शुरू होते ही रात भर बरसी ओस सुबह सूरज निकलने पर पत्तियों और तने पर कुछ इस तरह दिखाई दी।

## मेला समिति अध्यक्ष बनीं वार्ड 9 की पार्षद भारती सरदार अहिरवार, नपाध्यक्ष ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आगामी 25 दिसम्बर से 14 जनवरी तक आयोजित होने वाले श्रीराम लीला मेले की तैयारियां शुरु हो गई हैं। शुक्रवार को नगरपालिका परिषद में आयोजित बैठक के दौरान सर्वसम्मति से वार्ड नंबर 9 की पार्षद भारती सरदार अहिरवार को श्री रामलीला मेला समिति का अध्यक्ष चुना गया। जिनका नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान श्री रामलीला मेला के खेल प्रभारी पार्षद मूलचंद अहिरवार, सांस्कृतिक आयोजन प्रभारी पार्षद शिवानी धर्मेन्द्र कुशवाह, नीलू चौबे, अंशलेखा रोहित भावसार, मेला प्रभारी संजय भावसार, मनीष विश्वकर्मा के अलावा सदस्य शुभम रघुवंशी, सुनील साहू, मनोज अहिरवार, मंजू कुशवाहा को शामिल किया गया है।

### वार्डों के खिलाड़ियों के स्थान पर खेल रहे गांवों के खिलाड़ी

# सांसद खेल महोत्सव बना औपचारिकता स्थानीय खिलाड़ियों में दिख रही निराशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए सांसद शिवराज सिंह चौहान द्वारा सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कराया जा रहा है जिनकी मंशा है कि नगर के वार्ड सहित ग्रामीण इलाकों में पंचायत स्तर पर खिलाड़ी अपनी काबिलियत के दम पर अपनी प्रतिभा को मैदान पर दिखा सकें। शहरी क्षेत्र में यह आयोजन नगर मंडल और ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण मंडल को यह खेल प्रतियोगिताएं संपन्न कराना है लेकिन शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैदान में चल रहा सांसद खेल महोत्सव मात्र औपचारिकता के तौर पर किया जा रहा है। जिससे खिलाड़ियों में अब निराशा देखने को मिल रही है।

खेल मैदान पर स्थिति यह है कि मैच देखने के लिए दर्शक भी नहीं पहुंच रहे, टूर्नामेंट में कमेटी की कार्य प्रणाली पर भी खिलाड़ियों ने सवाल उठाए हैं। बताया जा रहा है कि उक्त टूर्नामेंट में खिलाड़ी दूसरे वार्डों के खिलाड़ी किसी दूसरे वार्ड की टीम में खेल रहे हैं, जबकि यह वार्ड स्तरीय टूर्नामेंट है, जिसमें वार्ड के ही निवासरत युवा टूर्नामेंट में सहभागिता कर सकते हैं। टूर्नामेंट में वार्ड 15 की टीम में चार खिलाडी तो दूसरे गांवो के शामिल हुए। 30 नवंबर को खेले गये एक मैच में वार्ड क्रमांक 6 की टीम को वार्ड क्रमांक 15 ने हरा दिया लेकिन मैच के बाद इसमें भी विवाद की स्थिति निर्मित हुई। वार्ड क्रमांक 6 के खिलाड़ियों का कहना है कि वार्ड नंबर 15 में जो खिलाड़ी मैच खेल रहे थे उसमें से चार खिलाड़ी वार्ड के नहीं थे। वे ग्राम पंचायत में खेलते हैं। इसके बाद कमेटी ने उक्त खिलाड़ियों के आधार कार्ड और परिचय पत्र जांच करने की बात कही, लेकिन वार्ड नंबर 6 की टीम मैच हार गई। जिससे उसे टूर्नामेंट के बाहर होना पड़ा, वार्ड क्रमांक 6 के प्रतिभावान खिलाड़ी हीरेंद्र यादव ने बताया कि हमने मैच को रोका था। लेकिन जांच नहीं की गई, कमेटी का कहना है कि हम जांच कर उक्त टीम को बाहर करेंगे जिसमें दूसरे वार्ड के खिलाड़ी खेल रहे हैं।

शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के खेल मैदान में चल रहे सांसद महोत्सव के मैच देखने के लिए आने वाले क्रिकेट प्रेमी कमलेश शर्मा बताते हैं कि यह टूर्नामेंट नियम अनुसार नहीं हो रहा। इसमें व्यवस्थाएं खिलाड़ियों के लिए ठीक नहीं है। इसके अलावा प्रचार प्रसार के अभाव में दर्शकों की कमी बनी हुई है जो बाल खिलाड़ियों को खेलने के लिए दी जा रही है, वह भी ठीक नहीं है, इससे प्रतिभाओं को अपना खेल दिखाने में भी परेशानी हो रही है। साथ ही खिलाड़ियों की आईडी चेक नहीं की जा रही। शुक्रवार को इस प्रतियोगिता में वार्ड क्रमांक 11 और वार्ड क्रमांक 12 के बीच मैच खेला गया। इस मैच में वार्ड क्रमांक 12 की टीम में दो खिलाड़ी दूसरे वार्डों के थे। जिसको लेकर वार्ड क्रमांक 11 के खिलाड़ियों ने अपना विरोध दर्ज कराया। दो बार मैच को रोकना पड़ा इस मैच में वार्ड क्रमांक 11 ने 21 रनों से मैच जीत लिया। लेकिन दूसरे वार्डो के खिलाड़ियों का मैदान पर पहुंच जाना टूर्नामेंट कमेटी की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह लगता है। इसी तरह इस टूर्नामेंट में गांवों एवं वार्डों से आने वाली टीम में शामिल खिलाडियों के जलपान एवं अन्य सुविधाओं का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। जिससे खिलाडियों को बिना सुविधा के ही खेलना पड रहा है। इस संबंध में जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत का कहना है कि आपके द्वारा जानकारी मुझे दी गई है। मैं इस विषय को संज्ञान में लेते हुए टूर्नामेंट की व्यवस्था देख रहे कमेटी के सदस्यों को निर्देशित करूंगा कि वह सभी खिलाड़ियों के आईडी कार्ड देखकर ही उन्हें मैदान पर भेजें। जिससे कि स्थानीय खिलाड़ी टूर्नामेंट खेल सकें। साथ ही अन्य अव्यवस्थाओं को भी दूर कराने का प्रयास किया जाएगा।

## नाबालिग के साथ मुस्लिम युवक ने की छेड़छाड़, मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

रायसेन का मामला थमा भी नहीं था कि विगत दिवस त्योंदा तहसील में मुस्लिम युवक द्वारा छेड़छाड़ की गई। जिसके बाद अब एक नाबालिग के साथ मुस्लिम युवक ने छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया है। नगर से सटे ग्राम में नाबालिग के साथ एक मुस्लिम युवक ने छेड़छाड़ कर दी। जिसकी शिकायत नाबालिग ने अपने परिजनों के साथ देहात थाना पहुंचकर की। जिसके बाद देहात थाना पुलिस ने आरोपी जोहेब खान को गिरफ्तार कर उसका जुलूस निकाला। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। फरियादिया की रिपोर्ट पर देहात थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 78(1) व 11/12 पास्को एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

## कार्रवाई की मांग को लेकर कुर्मी समाज ने दिया ज्ञापन




गंजबासौदा। शुक्रवार को त्योंदा में सकल कुर्मी समाज द्वारा राज्यपाल के नाम तहसीलदार रितु राय एवं त्योंदा थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें रहली तहसील के ग्राम मड़िया सदई जिला सागर के मुरारी पांडे पर एनएसए की कार्रवाई करने की मांग की गई। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि भारत में कुल जनसंख्या लगभग 134 करोड़ है, जिसमें कुर्मी समाज 25 प्रतिशत से 30 प्रतिशत है। मध्यप्रदेश के जिला सागर में दिनांक 30 नबम्वर को मुरारी पांडे द्वारा कुर्मी समाज, ओबीसी और किसानों पर की गई अभद्र अमर्यादित एवं जाति सूचक टिप्पिणयों को लेकर प्रदेश में विरोध तेज हो रहा है। समाज प्रतिनिधियों का कहना है कि इन बयानों से न केवल संबधित समुदायों की भावनाएं आहात हुई हैं, बल्कि छत्रपति शिवाजी महाराज और सरदार बल्लभ भाई पटेल का भी अपमान हुआ है। कुर्मी ओबीसी समाज पर अभद्र टिप्पणी विवाद को लेकर मुरारी पांडे पर एनएसए लगाने की मांग की गई है। दोषी मुरारी पांडे पर एनएसए का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर कठोर सजा दिलाई जाये। ज्ञापन में शासन, प्रशासन से मामले को संज्ञान में लेकर कुंठित मानसिकता वाले व्यक्ति मुरारी पाण्डे के उपर एनएसए रासुका की कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में कुर्मी समाज जिलाध्यक्ष शर्मा बाबू पटेल, कुर्मी समाज अध्यक्ष रामबल कुर्मी, त्योंदा मण्डल अध्यक्ष रोहित पटेल सहित समाजजन मौजूद थे।

## सेंटिंग से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को शाम के समय त्योंदा रोड पर सेंटिंग से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दौरान पास से गुजर रही पीहू पुत्री विजय बाल्मिकी 14 वर्ष ट्राली की चपेट में आने से गंभीर रुप से घायल हो गई। संयोग से ट्रैक्टर ट्रॉली गुमठी पर पलटी थी, जिससे किशोरी पूरी तरह ट्रॉली की चपेट में आने से बच गई और एक गंभीर हादसा टल गया। वहीं ट्रैक्टर ट्राली पलटने से सेंटिंग सड़क पर बिखर गई।

## संभाग स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



उच्च शिक्षा विभाग खेल कूद प्रतियोगिता में लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के छात्र मयंक यादव बी.कॉम. थर्ड ईयर, ओम रघुवंशी बी कॉम सेकंड ईयर, अनिकेत कुशवाह बीए सेकंड ईयर, तमिश राजपूत बी कॉम फर्स्ट ईयर का चयन संभाग स्तरीय खो खो प्रतियोगिता के लिए किया गया। महाविद्यालय खेल अधिकारी मनीष अहिरवार ने बताया कि जिला स्तरीय खो खो प्रतियोगिता 12 नवंबर को केडीबीएम महाविद्यालय सिरोंज में आयोजित की गई थी। जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने शानदार खेल दिखाया और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता शनिवार को शासकीय महाविद्यालय भेरूंदा सीहोर जिले में आयोजित की जाएगी। जिसमें महाविद्यालय के छात्र विदिशा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। छात्रों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉक्टर इंद्रा दुबे ,डॉक्टर पीयूष दुबे, आर आर द्विवेदी सहित स्टॉफ ने बधाई दी है।

### कार्यक्रम में विधायक और नपाध्यक्ष ने की सहभागिता

## श्रीधाम बासौदा दरबार में हुई प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

श्रीधाम बासौदा दरबार राजेंद्र नगर स्थित श्रीरामदेव मंदिर में शुक्रवार को पंचांग मुहूर्त में संपन्न हुई भगवान वासुदेव सहित अन्य देव प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा नगर के लिए आध्यात्मिक उत्सव से बढ़कर एक ऐतिहासिक संकेत बनकर उभरी। शुक्रवार को प्राण प्रतिष्ठा के दौरान शुभ संकेत के बीच उस समय महत्वपूर्ण परिवर्तन रेलवे तंत्र में भी दिखने लगा जब 'वेयर इज माय ट्रेन' सहित कुछ रेलवे ऐप्स ने गंजबासौदा के नाम के साथ "वासुदेव नगर" का उल्लेख प्रारंभ कर दिया है। स्थानीय लोग इसे आध्यात्मिक ऊर्जा और हाल ही के संकेतों से जुड़े बदलाव की प्रारंभिक मोहर मान रहे हैं। यद्यपि अभी नगर को "वासुदेव नगर" नाम से सरकारी पहचान नहीं मिली है, लेकिन मंदिर में वासुदेव प्रतिमा के स्थापित होते ही श्रद्धालुओं में यह विश्वास गहरा हो गया कि जल्द ही नगर आधिकारिक रूप से भी इसी नाम से जाना जा सकेगा। अब जनमानस में यह उत्सुकता बढ़ गई है कि जिस नाम को आध्यात्मिक मान्यता मंदिर में मिल गई, वह सरकारी दस्तावेजों में कब दर्ज होगा।

बाबा रामदेव मंदिर के संस्थापक पंडित हरि नारायण पाठक और यज्ञाचार्य पंडित केशव शास्त्री ने जब मंदिर में भगवान वासुदेव की प्रतिष्ठा के दौरान परिसर में रेलवे ऐप्स में नगर का नाम भी वासुदेव नगर से जुड़ने की सूचना श्रद्धालुओं को दी तो सभी ने एक साथ भगवान वासुदेव के जयकारे लगाकर अपनी प्रसन्नता का प्रदर्शन किया। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान विधायक हरि सिंह रघुवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने भी इस अवसर पर उपस्थित होकर धर्म लाभ लिया। उल्लेखनीय है कि नगर इन दिनों एक बड़े बदलाव की दहलीज पर है। विगत दिनों एक शासकीय आयोजन में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के गंजबासौदा आगमन पर जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र में कई विकास कार्यों की मांग के साथ नगर का नाम वासुदेव नगर पर रखे जाने की मांग का पत्र सौंपा गया था। मुख्यमंत्री द्वारा मंच से गंजबासौदा को वासुदेव नगर नाम देने पर सहमति देने के संकेत दिए जाने के बाद अब रेलवे से जुड़े कई प्रमुख मोबाइल ऐप वेयर इज माय ट्रेन, रेलयात्री, इसगो ने गंजबासौदा (BAQ) के नाम के स्थान पर सीधे "VasuDev Nagar" दिखाना शुरू कर दिया है। हालांकि शासन स्तर या रेलवे प्रशासन द्वारा अभी कोई औपचारिक अधिसूचना जारी नहीं हुई है, लेकिन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर यह बदलाव नजर आ रहा है। इस परिवर्तन को लेकर शहर में चर्चा का माहौल है और नागरिक इसे नगर की प्राचीन पहचान के पुनर्जागरण के रूप में देख रहे हैं।

## उप जेल में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गंजबासौदा। तहसील विधिक सेवा समिति तत्वावधान में शुक्रवार को उप जेल में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन रावेंद्र कुमार सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में संविधान के मूलभूत अधिकार, कर्तव्य, मानसिक रूप से बीमार और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिये विधिक सेवाएं योजना 2015 के संदर्भ में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में एडवोकेट संजीव कुमार अरोरा, एडवोकेट सुरेंद्र रघुवंशी, एडवोकेट राजेश सक्सेना, सहायक अधीक्षक उपजेल आलोक भार्गव, सुनील बाबू पिंगले सहित समस्त बंदी एवं उपजेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

## अधिवक्ताओं के साथ बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

न्यायालय परिसर में 13 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त लोक अदालत में आपराधिक शमनीय प्रकरण, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्रकरण, बैंक रिकवरी संबंधी मामले, एमएसीटी प्रकरण मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण, विद्युत एवं जल कर, बिल संबंधी प्रकरण एवं अन्य समस्त प्रकार के राजीनामा योग्य प्रीलिटिगेशन एवं न्यायालयों में लंबित प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु शुक्रवार को अभिभाषक संघ के समस्त अधिवक्तागण के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरप्रसाद वंशकार द्वितीय जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा की गई। बैठक में राकेश कुमार ठाकुर प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बासौदा, रावेन्द्र कुमार सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड, स्नो मरिया तिग्गा द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड, सृष्टि कुशवाह चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड बासौदा एवं अध्यक्ष अभिभाषक संघ एवं सचिव अभिभाषक संघ सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित अधिवक्तागण से लोक अदालत में रखे जाने वाले न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों के संबंध में विचार विमर्श एवं चर्चा कर लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों को चिन्हित कर अधिक से अधिक प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकृत कराने की मांग की गई।

नपा का साहसी कदम क्या सुधार पाएगा मुख्य बाजार की व्यस्थाएं?

# अब नगरवासियों को हर शुक्रवार हाट बाजार में मिल जाएगी सब्जी

## मुख्य बाजार में खड़े होने वाले सब्जी हाथ ठेले वालों को नपा ने परिसर में दिया व्यापार करने स्थान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

प्रत्येक शुक्रवार को नगर के नवीन बस स्टेण्ड स्थित सब्जी मण्डी में लगने वाले हाट बाजार में ही अब नगर के समस्त सब्जी विक्रेता हाथ ठेले वाले व्यापार करेगें। साथ ही अब शहरवासियो को भी अपने घरो के लिए सब्जी व अन्य सामग्री लेने के लिए भी सब्जी मण्डी जाना पडेंगा। नगर के मुख्य बाजार को व्यवस्था व सुंदर बनाने एंव यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए शुक्रवार को नगर पालिका परिषद का एक सहासी कदम देखने को मिला।

मुख्य बाजार में वर्षो से फल,सब्जी विक्रेता अपना व्यापार कर रहें है। वही मुख्य बाजार के आसपास दोनो तरफ हाथ ठेले वाले व सब्जी बेचने वाले सड़क पर बैठे रहते है। जिससे यातायात व्यवस्था अवरूद होती है। साथ ही पल पल पर जाम की समस्या उत्पन्न होती है। जिससे मुख्य बाजार में आवागमन करने वाले नागरिको को भी काफी परेशानियो को सामना करना पडता है। साथ ही हाथ ठेले वालो के मुख्य बाजार में खडें होने से आए दिन व्यापारियो व हाथ ठेले वालो में नूकझौंक देखने को मिलती है। वही हाथ ठेले वालो को जैसे ही नगर पालिका परिषद द्वारा सब्जी मण्डी में भेजने की कार्यवाही से व्यापारियो व आम नागरिको ने नपा के इस सहासी कदम का स्वागत करते हुए नपा के निर्णय का स्वागत किया।



### नपा व पुलिस बल ने हाथ ठेले वालों को पहुंचाया सब्जी मंडी

पिछले तीन दिनो से नगर पालिका द्वारा शहर में अनांउमेंट के माध्यम से हाथ ठेले वालो व सब्जी विक्रेताओं को सूचना दी जा रही थी कि शुक्रवार हाट के दिन सभी विक्रेता सब्जी मण्डी में ही पहुचकर अपनी दुकाने लगाए। लेकिन इसके बाद भी सब्जी विक्रेता सब्जी मण्डी नही पहुचें। इसके बाद नगर पालिका अमला पुलिस बल के साथ मुख्य बाजार में पहुचा। उक्त अमले का नेतृत्व नगर पालिका आरआई बालमुकुंद कुशवाह,विनोद शर्मा,संजीव यादव एंव अन्य नपा कर्मचारियो व पुलिस बल ने बाजार में पहुचकर हाथ ठेले वालो से बोलते नजर आए कि आप सभी सब्जी मण्डी पहुचें। कई बार बोलने के बाद भी हाथ ठेले वाले मुख्य बाजार से नही गए। जिस पर नपा अमला ने फिर हाथ ठेले वालो को आगे बडाकर उनके पीछे पैदल चलकर उन्हें सब्जी मण्डी तक ले गए।

### नपा से शहरवासियों की अपेक्षा

नगर पालिका के इस कदम का शहरवासियो व व्यापारियो ने स्वागत किया है। प्रत्येक शुक्रवार को हाथ ठेले व सब्जी वालो को नवीन सब्जी मण्डी में भेजकर नपा ने अच्छा कार्य किया है। लेकिन यह कार्य हमेशा के लिए हो जाए और हाथ ठेले वाले व सब्जी विक्रेताओं की व्यवस्था सब्जी मण्डी में हो जाए तो मुख्य बाजार की यातायात व्यवस्था में भी काफी सुधार देखा जाएगा और आम नागरिको को जाम जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी। अक्सर दुकानदारो सब्जी विक्रेता से दुकान के सामने ठेले लगाने पर बहस बाजी होती थी। उस बहज बाजी से व्यापारियो को राहत की सांस मिलेगी। साथ ही मुख्य बाजार में आवागमन करने वालो को भी किसी प्रकार की कोई परेशानी नही होगी।

### स्थानीय प्रशासन व नपा की शक्ति से ही होगा व्यवस्थाओं में सुधार

जब जब भी नगर पालिका व स्थानीय प्रशासन ने शहर की व्यवस्थाओं में सुधार का प्रयास किया है। तब तब ही नपा को व्यवस्थाओं में सुधार के लिए असफलता का रास्ता देखने को मिला है। इसका मुख्य कारण यह रहा है कि नपा द्वारा प्रारंभ में नपा तेजतराट कार्यवाही करती है और यह कार्यवाही एक दो दिन भी ही बंद हो जाती है। यह हालात पुनः पहले जैसे हो जाते है। शुक्रवार को नपा की कार्यवाही के बाद यह देखा गया कि दोपहर में हाथ ठेले वालो ने पुनः बाजार में आकार अपने ठेले खडें कर देते है। वही कार्यवाही के बाद भी नपा अधिकारी कर्मचारी बेफिकर हो जाते है। जिससे व्यवस्थाओं से सुधार के लिए नपा कर्मचारियो द्वारा की गई मेहनत पानी में बह जाती है। यदि नपा को यह के हालातो में सुधार लाने से तो कडें नियम बनाना पडेंगा।

## आईजा ने पूर्व सीएम का किया स्वागत जैन समाज को ऊंचाई पर पहुंचाने व जैन तीर्थ क्षेत्रों का उद्धार करने वाले संत हैं सुधा सागर : कमलनाथ



**सिरोंज।** ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एड राजीव जैन सैनानी द्वारा मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का भोपाल पहुचकर राष्ट्रीय संत 108 मुनि श्री सुधा सागर महाराज के चित्र का प्रतिचिन्ह भेंट कर भव्य सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि आईजा द्वारा 5 अक्टूर 2025 को आयोजित जैन पत्रकारो के महाकुंभ में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी को आमत्रिंत किया गया था। लेकिन वह अपने निजी कारणो के कारण कार्यक्रम में शामिल नही हो पाए थे। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के काफी इच्छा थी कि जैन पत्रकारो के महाकुंभ पहुचकर मुनि श्री सुधा सागर महाराज का आर्शीवाद प्राप्त करें। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि आईजा द्वारा आयोजित पत्रकारो के महाकुंभ में में शामिल नही हो पाया। मुझे इस बात का काफी अफसोस है क्योकि मेरी बडी इक्छा थी कि में भी मुनि श्री सुधा सागर महाराज का आर्शीवाद प्राप्त करू। वही उन्होने कहा कि मुनि श्री सुधा सागर महाराज ने आज जो जैन धर्म को जिस ऊचाई पर पहुचाया है और जैन तीर्थो का उधार किया है उससे वह वास्तव में प्रसन्नय कदम है। वही उन्होने जैन समाजजनो को धार्मिक व रचनात्तक सामाजिक कार्यो को करने की प्रणा दी है उसके परिणाम भी काफी अच्छे प्राप्त हो रहे है। जो कि आए दिन देखने को मिल रहें है। वही पूरे देश में देशवासियो को जो अमन और शांति एकता अखण्डता का जो संदेश दिया है उससे देश में एक अच्छी धार्मिक व सामाजिक क्षेत्रो में बढ़ावा मिला है।

## पार्षद नईम खान के निधन पर नगर निगम में शोकसभा आयोजित हुई

**सागर।** लाजपतपुरा वार्ड के पार्षद नईम खान के असामयिक निधन पर नगर निगम सभाकक्ष में महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, निगमायुक्त राजकुमार खत्री एवं पार्षदों की उपस्थिति में शोकसभा आयोजित की गई जिसमें दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा ईश्वर से प्रार्थना की गई कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि नईम खान तीन बार पार्षद रहे और उन्होंने अपने कार्यकाल में वार्ड के विकास के लिए निरंतर कार्य किया। निगमाध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने भी दिवंगत पार्षद नईम खान के कार्यों को याद करते हुए कहा कि वे ईमानदार, कर्मठ एवं जनप्रिय जनप्रतिनिधि थे उन्होंने परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

## योजनाओं से वंचित पात्र शिविर में उपस्थित होकर उठाएं लाभः महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

नगर निगम सागर द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को गोपालगंज एवं वृंदावन वार्ड में "आपकी महापौर आपके द्वार" जनचौपाल एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर सर्वे) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महापौर संगीता सुशील तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी, पार्षद रुपेश यादव, संगीता शैलेष जैन, कंचन सोमेश जड़िया उपस्थित थे।

इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल आयोजित करने का उद्देश्य यह है कि कोई भी पात्र नागरिक शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए तथा नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं समय पर प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि अब अधिकारी स्वयं जनता के बीच पहुंचकर समस्याएं सुनते हुए त्वरित निराकरण सुनिश्चित कर रहे हैं, जिससे नागरिकों को छोटी-छोटी समस्याओं के निराकरण हेतु परेशान न होना पड़े।

महापौर ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर सर्वे की अंतिम तिथि 11 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे समय रहते अपने एसआईआर फार्म भरकर अनिवार्य रूप से जमा करें तथा सही जानकारी दर्ज कराएं, जिससे मतदाता सूची शुद्ध एवं पारदर्शी तैयार की जा सके।

शिविर के दौरान महापौर ने श्रीराम नगर में बनाई जा रही सीसी रोड का निरीक्षण किया। गोपालगंज एवं वृंदावन वार्ड के नागरिकों द्वारा जल आपूर्ति, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट, कचरा संग्रहण, सड़क मरम्मत, पेंशन, पीएम स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, संपत्तिकर, नामांतरण प्रकरण सहित विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। महापौर द्वारा संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश मौके पर ही दिए गए।आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल कार्यक्रम की नागरिकों द्वारा सराहना की जा रही है । शिविर में उपस्थित वार्ड के नागरिकों ने कहा कि महापौर संगीता सुशील तिवारी द्वारा बहुत ही अच्छा कार्य किया जा रहा है एक ही स्थान पर नागरिकों की सभी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है साथ ही समग्र आई डी, पेंशन

## रामगोपाल पटेल का भारतीय सेना में हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

डैफ़ोडिल्स पब्लिक स्कूल के लिए गौरव का विषय रहा की विद्यालय के पूर्व छात्र रामगोपाल पिता ओमकार पटेल का चयन भारतीय थल सेना में हुआ है। उनकी यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए सम्मान का विषय है, बल्कि सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बनी है।

विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्य एवं सभी शिक्षकों ने रामगोपाल पटेल और उनके परिवार को हार्दिक बधाई दी है तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय का कहना है कि यह सफलता निरंतर परिश्रम, अनुशासन और उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है।

## गीता जयंती पर हुआ श्रद्धाभाव से व्याख्यान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

संस्कृत भारती के तत्वाधान में गीता जयंती का भव्य एवं श्रद्धाभाव से परिपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चंद्रकांत शास्त्री, देवकीनंदन शास्त्री तथा पुरुषोत्तम भार्गव द्वारा श्रीमद् भगवद्गीता के विविध अध्यायों एवं जीवनोपयोगी संदेशों पर विस्तार पूर्वक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। सारगर्भित प्रवचनों से उपस्थित जनसमूह भावविभोर हो उठा। कार्यक्रम में संस्कृत भारती जिला संयोजक मनोज भार्गव, लोकेश भार्गव, रजनीकांत आचार्य, नीलेश उपाध्याय, मोनू शर्मा, सुरेंद्र भार्गव, आशीष रावत, पवन चौबे, निर्मेश राजोरिया, चंद्रभान राजपूत, राजकुमार भार्गव, सुमित भार्गव सहित संस्कृत भारती के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने गीता के उपदेशों को समाज में आत्मसात कराने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन मनीष भार्गव द्वारा एवं जिला संयोजक मनोज भार्गव ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## पशु चिकित्सालय मार्ग तिराहे पर हुई ठगी की अनूठी वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर के पशु चिकित्सालय मार्ग तिराहे पर ठगी की अनोखी वारदात हुई बाइक पर सवार दो युवकों ने भाव सिंह लोधी को रोका और कहा कि साहब बुला रहे हैं। युवकों ने कहा कि चोरी की वारदातें बढ़ रही है इसलिए सोने के गहने उतार ले फरियादी को विश्वास में लेकर बाइक सवार दो युवकों ने भाव सिंह लोधी के गले की चेन और अंगूठी उतरवाली और एक पुड़िया बनाकर जेब में रख दी, जब लोधी ने पुड़िया खोली तो उसमें पत्थर के टुकड़े थे घटना स्थल पर वापस आया तो ना बाइक थी और ना ही बाइक सवार दोनों युवक।



फोटो। सोने की चेन अंगूठी के बदले पुड़िया थमा फरार हुए ठग

### पुलिस कर रही सीसीटीवी फुटेज से चोरों की तालाश

2 दिसंबर को दिन के 11.30 के आसपास पशु चिकित्सालय तिराहे के पास हुई दिनदहाड़े ठगी की अनूठी और नगर में इस प्रकार की पहली घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। पुलिस द्वारा ठगी का मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो अज्ञात बाइक सवार युवकों की तलाश की जा रही है।

नगर में बैंकों के भीतर बाहर और भीड़भाड़ वाले स्थान पर रुपए लूटने की पूर्व में अनेक घटनाएं हो चुकी हैं, जिस प्रकार ठगी की घटना पिछले दिनों हुई उस ठगी से बचने सतर्कता और जागरूकता बढ़ाई जाना जरूरी है। घटना चर्चाओं का विषय बनी हुई है संदिग्धों को बुलाकर पुलिस द्वारा जांच और पूछताछ की जा रही है।

## जैन मुनियों के सानिध्य में हुआ कर्मदहन विधान का कार्यक्रम

### खोना वाले बाबा के मंदिर प्रांगण में रही भारी उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली/खरगोन



खोना वाले बाबा श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में नगरगौरव मुनिराज 108 श्री साक्ष्यसागर एवं 108 श्री निवृत्तसागर जी के मंगल सानिध्य में कर्मदहन विधान कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर मुनि निवृत सागर मुनिराज ने कहा कि सम्यकदृष्टि जीव हर विषय में प्रभु का चिंतन करता है। जबकि मिथ्यादृष्टि जीव भोगो के चिंतन में लिप्त रहता है, जिन लोगों ने आज विधान में सम्मिलित होकर महान पुण्य का अर्जन किया है वह निश्चित रूप से कर्मो के क्षय करके सदमार्ग को प्रसस्त करेगा।

मुनि साक्ष्य सागर ने विधान का अर्थ बताते हुए कहा अच्छे कर्म से पुण्य का अर्जन होता है।

यह पुण्य ही संरक्षित होकर मोक्ष की राह पक्की करेंगे, एक समय में एक ही कार्य संभव है। अतः श्रावक को निर्विकल्प होकर कार्य करना चाहिए। कर्मदहन विधान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बरेली सिलवानी बाड़ी एवं अन्य स्थानों से आए हुए जैन समाज बंधुओं की उपस्थिति रही और धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम की विभिन्न व्यवस्थाएं खोना वाले बाबा मंदिर समिति के पदाधिकारी सदस्यों द्वारा की गई थी।

राज्य मंत्री पटेल की पुस्तक भगवान उवाच का हुआ अनावरण

## श्रीकृष्ण की ससुराल जामगढ़ में हुआ गीता जयंती महोत्सव

**गीता जयंती समारोह में क्षेत्रीय विधायक एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री पटेल ने साधु संतों के साथ बैठ कर किया सामूहिक गीता पाठ**

*संतो ने गीता जी के श्लोक के संबंध में चर्चा की एवं प्रज्ञा भारती दीदी ने कहा कि रामायण हमें जीवन जीना सिखाती है और गीता जी हमें मरण कैसा हो इसकी सीख देती है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

तहसील के अति प्राचीन ऐतिहासिक ग्राम जामगढ़ जिसे श्री कृष्ण की ससुराल भी कहा जाता है। स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के मुख्य आतिथ्य साधु संतों की विशेष उपस्थिति में गीता जयंती समारोह का आयोजन हुआ। राज्यमंत्री पटेल ने साधु संतों के बीच बैठकर गीता जी के श्लोक का सामूहिक पाठ किया।



गीता जयंती कार्यक्रम के दौरान राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा लिखी गई पुस्तक भगवान उवाच श्रीमद् भगवत गीता जैसा मैंने समझा के मुख्य पृष्ठ का साधु संतों द्वारा अनावरण किया गया। गीता जयंती कार्यक्रम में पधारे साधु संतों सुश्री प्रज्ञा भारती, बापौली धाम के संत मुक्तानंद महाराज, समनापुर वाले बड़े भैया, बाराही माता धाम के संत दामोदरदास त्यागी सहित अन्य की उपस्थिति रही। संतो द्वारा गीता जी के श्लोक उनके मानव जीवन में उपयोगिता के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। सुश्री प्रज्ञा भारती दीदी ने कहा कि रामायण हमें जीवन जीना सिखाती है तो गीता जी हमें मरण कैसा हो इसकी सीख देती है।

### समस्याओं का समाधान गीता में : राज्यमंत्री पटेल

इस अवसर पर राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि गीता जी केवल ग्रंथ नहीं है गीता जी हमें मानवता सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती हैं।गीता के अध्ययन से जीवन की हर समस्या का समाधान है। चाहे वह व्यक्तिगत जीवन की चुनौतियां हो नैतिक व्यवहार दुविधाएं हो या समाज की जटिल परिस्थितियों हो गीता को जीवन में अपना कर और आने वाली पीढ़ियां तक पहुंचाना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित साधु संतों का राज्य मंत्री पटेल द्वारा सम्मान किया गया।

खबर संक्षेप

### नर्मदा महापुराण प्रारंभ निकाली कलश यात्रा



**रायसेन।** शुक्रवार से शहर में नर्मदा महापुराण कथा का आयोजन शुरू हो गया है। बाबा भारती परिसर, रामलीला मैदान में यह कथा 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक चलेगी। कथा के शुभारंभ से पहले शहर में कलश शोभायात्रा निकाली गई। यह आयोजन गुरु कपिल मुनि आश्रम बाबा भारती आश्रम के महंत रमणगिरी जी महाराज के सानिध्य में हो रहा है। कलश शोभायात्रा के दौरान मां नर्मदा के जयकारों से शहर गूंज उठा। शोभायात्रा में कथावाचक सत्यम मधुरमजी महाराज (वृंदावन धाम), बाबा भारती आश्रम के महंत रमणगिरी जी महाराज, विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक पंडित बद्री प्रसाद पाराशर और कथा आयोजक चौरसिया परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### श्रीमद् भागवत कथा का 14 से होगा आयोजन

**सिलवानी।** नगर में 14 दिसंबर से संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा साप्ताहिक ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। नगर खेरापति पंडित भूपेंद्र शास्त्री के मुखारविंद से बस स्टैंड के पीछे, सरस्वती शिशु मंदिर के पास कार्यक्रम का आयोजन संपन्न होगा। कथा के प्रारंभिक दिन रविवार को सुबह के समय मॉं विजयासन मंदिर से पूजा अर्चना के बाद भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी जो कि मुख्य मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुचेंगी। जहां कि कथा का विधिवत आगाज होगा। आयोजन समिति ने कार्यक्रम में व्याख्याण का समय दोपहर एक बजे से हरि इच्छा तक तय किया है।

### श्रीराम लीला में मेघनाथ और कुंभकरण वध हुआ

**दीवानगंज।** ग्राम अंबाड़ी के गणेश मंदिर प्रांगण में चल रही रामलीला के सातवें दिन लक्ष्मण को शक्ति लगने के साथ ही मेघनाद वध का मंचन किया गया। राम और रावण के बीच चल रहे युद्ध के दौरान लक्ष्मण को शक्ति लगने से तमाम दर्शक भाव-विह्वल हो गए। रावण के सभी पुत्रों के युद्ध में मारे जाने के बाद रावण से आज्ञा लेकर गुस्साया मेघनाद युद्ध के लिए पहुंचा। उसने पहुंचते ही रामा दल पर बाणों की वर्षा कर दी। यह देख लक्ष्मण मेघनाद से युद्ध के लिए मैदान में पहुंचे। दोनों के बीच भयंकर युद्ध होने लगा। इसी दौरान मेघनाद ने लक्ष्मण पर प्राण घातिनी शक्ति का वार कर दिया।

---

#### किसानों के खेतों से तालाब के नाम पर निकाल रहे मिट्टी, कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति

# किसानों को तालाब का लालच देकर ठेकेदार ने अवैध उत्खनन कर खोदे खेत, बनाई खंतियां!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर से गुजरे बायपास के समीप हरियाणा की वीआरसी सड़क कंपनी द्वारा किले की तलहटी में किसानों को मछली पालन के लिए उनके खेतों में तालाब बनाने का लालच देकर उनके खेतों से मुरम, मिट्टी का अवैध खनन पोकलेन मशीनों से किया जा रहा है। शुक्रवार को सुबह से शहर के बायपास पर मॉर्निंग वॉक के लिए निकले लोगों ने अवैध उत्खनन करते देखा तो खनिज विभाग में शिकायत दर्ज कराई। तब खनिज निरीक्षक अर्चना ताम्रकार ने मौके पर पहुंची और महज कागज़ी खानापूर्ति कर लौट आईं, जबकि मौके पर आधा दर्जन से अधिक ट्रैक्टर-ट्राली एवं दर्जनों डंपर मुरम मिट्टी की ढुलाई में लगे हुए थे।

▪ उत्खनन में बनीं गहरी गहरी खंतियां

लोगों का कहना है कि जब जिला मुख्यालय के ऐतिहासिक किले के नजदीक अवैध मुरम कोपरा उत्खनन के ऐसे हालात हैं, तो ग्रामीण इलाकों में क्या स्थिति होगी। इससे खनिज विभाग की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न चिह्न लगता है।





### ठेकेदार द्वारा मनचाही जगहों पर किया जा रहा अवैध उत्खनन

किसानों की जमीन पर अवैध रूप से मिट्टी उत्खनन करना यह कोई नई बात नहीं है। शहर में बायपास हो या अन्य सड़कें ठेकेदार द्वारा मनचाही जगहों पर अवैध उत्खनन किया जाता रहा है। क्योंकि राजस्व, वन एवं पुरातत्व विभाग के आला अधिकारियों को खबर होने के बावजूद भी इन पर कार्रवाई नहीं होने से मिलीभगत का अंदेशा जगजाहिर है। वर्तमान में करोड़ों रूपए की लागत से कौड़ी मेहगांव विदिशा कॉरिडोर निर्माण, गोपालपुर पर ओवर ब्रिज बायपास सड़क निर्माण ज़ोरशोर से किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा रात के अंधेरे में अवैध मिट्टीमुरम खनन की शिकायतों को लेकर ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क ठेकेदार द्वारा जंगलों एवं राजस्व भूमि से अवैध मिट्टी और मुरुम की खुदाई की जा रही है। किसान ने बताया की हमारी जमीन में रबी की फसल बोई गई है। ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा मेरे खेत में आकर धमकी दी जा रही है कि हम तुम्हारी फसल को उजाड कर मिट्टी की खुदाई करेंगें हमें शासन ने खुदाई के लिये स्वीकृति दे दी है।

### किले के अस्तित्व पर खतरा

किले की तलहटी में हो रहे अवैध मुरम, कोपरा मिट्टी उत्खनन से किले के अस्तित्व पर भी खतरा मंडरा रहा है, यह कहना है कुछ पुरातत्व वेत्ताओं का। जिम्मेदार विभाग के अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर जांच करना मुनासिब नहीं समझते। वन विभाग के अधिकारी व पटवारी ने जाकर भी देखा तक नहीं है। यहां पुरातत्व विभाग और वनविभाग की सीमा लगी हुई है। पहाड़ी के नीचे वाले क्षेत्र में बेहिसाब मिट्टी मुरम का मशीनों द्वारा गहरी खुदाई की जा रही है। दिन रात डंपर सरपट दौड़ रहे हैं।

### मौके पर पहुंचकर जांच की गई, ले रखी थी अनुमति

खनिज निरीक्षक अर्चना ताम्रकार ने बताया कि जानकारी मिली थी कि वीआरसी सड़क कंपनी द्वारा किसानों के खेतों में मिट्टी मुरम कोपरा का मशीनों से खनन किया जा रहा है। जिसके बाद मेरे नेतृत्व में खनिज विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तो मौके पर लीज मटेरियल सप्लाई की अनुमति सही पाई गई है। उन्होंने बताया कि जिले में जहां भी अवैध खनन किया जा रहा है। वहां खनिज विभाग की ओर से तत्काल कार्रवाई की जा रही है।

### इनका कहना है

हमने एनएचआई के जरिए राजस्व, वन विभाग और खनिज विभाग से रॉयल्टी टीपी आदि सभी अनुमति ली गई है। बगैर परमिशन के कोई कार्य नहीं करती वीआरसी कंपनी।

\- **प्रदीप गोयल,** प्रॉजेक्ट मैनेजर।

### इनका कहना है

मौके पर जांच के लिए क्षेत्र के पटवारी को भेजा है। जांच उपरांत ही अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

\- **मनीष शर्मा,** एसडीएम रायसेन।

### बिना अनुमति के ठेकेदार ने खोदी मिट्टी और मुरम

*तहसील क्षेत्र में एक ठेकेदार की मनमानी का मामला सामने आया है। रायसेन बायपास के खेत से अवैध रूप से मिट्टी खोदकर उसे तालाब में बदल दिया गया। किसान मुंशीलाल, पप्पू सिंह ने बताया वीआरसी सड़क कंपनी के ठेकेदार ने बिना किसी अनुमति के उनके खेत से मिट्टी खोदकर डंपरों में भरकर साइड पर भेज दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि न तो उन्होंने मिट्टी बेची और न ही किसी को खोदने की अनुमति दी थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि ठेकेदार ने अचारपुरा गांव के एक अन्य व्यक्ति के खेत से मिट्टी खोदने की अनुमति ली थी, लेकिन उसी के साथ उनके खेत की मिट्टी भी अवैध रूप से खोद ली।*

---

## ओशो की जन्मस्थली पहुंचे कथा वाचक मुरारी बापू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

प्रसिद्ध कथा वाचक मुरारी बापू शुक्रवार को जिले के उदयपुरा में स्थित आचार्य रजनीश ओशो की जन्मस्थली ग्राम कुचवाड़ा में कुछ समय के लिए रुके। वह जबलपुर में 6 दिसंबर से प्रारंभ होने वाली रामकथा के लिए जा रहे थे। मुरारी बापू ने ओशो की जन्मस्थली पर करीब 45 मिनट बिताए। उन्होंने ओशो की तस्वीर के सामने दीप जलाए। इस दौरान उन्होंने ओशो के दर्शन और सनातन धर्म पर अपने विचार व्यक्त किए।

मुरारी बापू ने ओशो को चरम आध्यात्मिक चेतना बताया। उन्होंने ओशो शब्द का अर्थ ओरिजिनल साइलेंट, हैप्पीनेस, ओरिजिनल' समझाया। उनके पास खुद की शांति थी। इस अवसर पर जापान, नेपाल, जबलपुर, भोपाल और रायसेन सहित दूर-दराज से आए सैकड़ों ग्रामीण और ओशो अनुयायी उपस्थित रहे। मीडिया से बात करते हुए कई अनुयायी भावुक हो गए।

*मुरारी बापू ने ओशो को चरम आध्यात्मिक चेतना बताया*



### 11 को मनेगा जन्मोत्सव

ओशो की जन्मस्थली कुचवाड़ा में हर साल 11 दिसंबर को उनका जन्मोत्सव मनाया जाता है। पूर्व अभिनेता विनोद खन्ना सहित कई हस्तियां पहले भी इस स्थान का दौरा कर चुकी हैं। आज भी देश में लाखों ओशो अनुयायी हैं, जो समय-समय पर यहां शिविर लगाकर दर्शन और ध्यान का ज्ञान प्राप्त करते हैं।

---

## कॉलोनाईजर वार्ड 15 में खुलेआम कर रहा अवैध कॉलोनी का निर्माण, न सड़क न सीवेज सिस्टम और न ही बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

प्रशासन की मिलीभगत के चलते नगर में अवैध कॉलोनियों का काला कारोबार खूब फल फूल रहा है। लेकिन प्रशासन भू माफियाओं पर नकेल कसने में अक्षम देखा जा रहा है। भू-माफियाओं का खेल अवैध कॉलोनी काटने वाले कॉलोनाइजर किसान से कच्ची जमीन का सौदा कर लेते है और बाद में मुरम की सड़क बनाकर एक बोरवेल करा कर प्लॉट बेचना शुरू कर देते हैं पैसे लेने के बाद किसान से ही सीधे रजिस्ट्री करा देते हैं बाद में जब अवैध कॉलोनी पर प्रशासन के द्वरा द्वारा कार्यवाही की जाती है तो किसान उलझ जाता है और गड़बड़ी करने वाले संबंधित अवैध कॉलोनाइजर बच जाते है।

रेरा की अनुमति बगैर कॉलोनी बना कर प्लाटिंग कर रहे कॉलोनाईजर प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं। बावजूद भी प्रशासन दबंग कॉलोनाईजरों पर कार्वाही करने में अक्षम साबित हो रहा है। इन कॉलोनियों में ना तो बिजली, पानी, सड़क सहित अन्य किसी भी प्रकार की बुनियादी सुविधाए नहीं है। नगर के वार्ड नंबर 15 मां शारदा कॉलेज रोड से कॉलोनाईजर द्वारा अभिषेक रेसीडेंसी के नाम से कॉलोनी का निर्माण किया जा रहा है। लेकिन यहां पर ना रोड़ ना ही सीवेज सिस्टम बनाया गया है। यहां तक कि बिजली व्यवस्था भी नहीं है, लेकिन कॉलोनाईजर द्वारा भूखंडों की बुकिंग प्रारंभ कर दी है।

**नगर में फल फूल रहा अवैध कॉलोनियों का काला कारोबार बेशुमार दौलत का भंडार**



नगर सहित ग्रामीण इलाकों में कृषि भूमि का डायवर्सन कराकर कालोनी काटने का सिलसिला बेरोकटोक जारी है।

इधर कॉलोनाइजर बिना डायवर्जन और टीएनसी और अन्य कानूनी मानकों को पूरा किए बिना कॉलोनी काट रहे हैं। कॉलोनाइजर अवैध कॉलोनियां बनाकर प्लाट बेच बेचकर मालामाल हो रहे हैं और इन पर कोई कार्रवाई भी नहीं हो रही है। इस सारे खेल की शुरूआत किसानी और कॉलोनाइजरों के बीच होने वाली पार्टनरशिप से होती है। जिसे ज्वाइंट वेंचर कहा जाता है और इसकी पहल कॉलोनाइजर करते हैं।

### चारों तरफ कट रही कॉलोनियां

नगर से निकले स्टेट हाईवे 44 तथा 15 के मार्ग उदयपुराए बरेली, सागर, गैरतगंत हाईवे से लग कर तथाकथित कॉलोनाईजारो के द्वारा कॉलोनी काटी जा रही है। इन कॉलोलियो में किसी भी प्रकार की सुविधा नही दी जा रही है। मात्र करीब 10 फिट चौड़ाई वाली मिटटी मुरम की सड़क बना कर प्लॉट विक्रय किए जा रहे है। यहां पर विजली, पानी, सड़क, सीवेज लाईन आदिकिसी भी तरह की सुविधा नही है। बावजूद भी मनमानी कीमत पर भूखण्डो का विक्रय किया जाने का सिलसिला चल रहा है।

### कॉलोनाइजरों पर कार्रवाई नहीं

कहने को खेतों में कॉलोनी काटने से लेकर प्लाट बेचने में कॉलोनाइजरों का सीधे तौर पर हाथ होता है। हालांकि आधिकारिक रूप से प्लाट की खरीद फरोख्त किसानों और खरीदारों के बीच ही होती है। ऐसे में जब कॉलोनियों की वैधता पर सवाल खड़े होते हैं या कार्यवाही की बात आती है, तो कॉलोनियां बसाने वाले मुख्य साजिशी यानी कॉलोनाइजर बड़ी आसानी से बच निकलते हैं। क्योंकि प्लाटों की रजिस्ट्री किसान द्वारा विक्रेता के रूप में की जाती है।

### कराई जाएगी जांच

नगर में अवैध रुप सेकॉलोनी बनाए जाने के मामले की नियममानुसार जांच कराई जाएगी। नियम विरुद्व पाए जाने पर कार्रवाही की जाएगी।

\- **हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिलवानी

---

## रुद्र महायज्ञ एवं शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बैठक आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

नगर के ऐतिहासिक श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर, बजरंग चौराहा में इस वर्ष अत्यंत पावन और भव्य धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। मंदिर प्रबंधन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि आने वाले फरवरी में श्री रुद्र महायज्ञ तथा श्री शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा का शुभ एवं दिव्य आयोजन संपन्न होगा।

इस आयोजन को लेकर नगर में श्रद्धालुओं के बीच उत्साह और श्रद्धा का विशेष वातावरण बना हुआ है। आगामी कार्यक्रमों की



शुरुआत का पहला चरण ध्वजारोहण रहेगा, जिसका शुभ मुहूर्त 11 दिसंबर तय किया है।

श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर धार्मिक एवं सांस्कृतिक उत्सव समिति के अध्यक्ष नारायण यादव ने बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने तथा सभी व्यवस्थाओं पर चर्चा करने 6 दिसंबर को दोपहर 2 बजे मंदिर प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई है।

बैठक में कार्यक्रम को भव्य, सुव्यवस्थित बनाने नगर के सभी धर्मप्रेमी नागरिकों को आमंत्रित किया है। उन्होंने बताया कि रुद्र महायज्ञ और प्राण प्रतिष्ठा जैसे विशाल धार्मिक आयोजनों में समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता महत्वपूर्ण रहती है। यज्ञशाला की तैयारियां, व्यवस्था प्रबंधन, सेवा कार्यों का वितरण, स्वागत-समारोह, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पंचांग के अनुसार समय निर्धारण, तथा ध्वजारोहण के विधान, इन सभी विषयों पर बैठक में विस्तार से चर्चा की जाएगी।

समिति के सदस्यों ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल एक धार्मिक कार्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज में आध्यात्मिकता, एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करने का प्रयास भी है। श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर सदैव से नगर में धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों का केंद्र रहा है, और इस बार का आयोजन क्षेत्र में एक विशेष आकर्षण बनने जा रहा है।

---

## वार्ड 13 अशोक नगर में नगर पालिका ने बनवाई बीटी सड़क, वार्डवासियों ने जताया आभार



**रायसेन।** शुक्रवार को नगर पालिका परिषद द्वारा विकास कार्यो के तहत विकास कार्यो को नया आयाम प्रदान करते हुए शहर के वार्ड क्रमांक 13 अशोक नगर में बीटी रोड का भूमि पूजन कर कार्य प्रारंभ कराया गया। उक्त अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जमना सेन, नपा सीएमओ सुरेखा जाटव, अशोक सोनी, नीरज महावर, प्रमोद सिंह, जीतू सेन, अरूण शेंडे, गिरजेश कुशवाह एवं अनेकों वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित रहे।

---

## रबी फसलों पर रोगों का खतरा किसानों की बढ़ी चिंता और खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

किसानों की रबी सीजन के गेहूं चना मसूर आदि फसलों की बुवाई के बाद अब उनकी बढ़वार पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। जिससे क्षेत्र के किसान काफी चिंतित और परेशान हैं।

रबी सीजन की शुरुआती समय में ही फसलों पर रोगों का प्रकोप बढ़ने लगा है। गेंहू में टुंडू रोग अभी से दिखने लगा है। वहीं मसूर, मटर और सरसों में जड़ माहू (रूट एपिड्स) का प्रकोप बढ़ रहा है। जिससे पौधे पीले होकर सूखने लगे हैं। जिससे सीधा असर फसल की ग्रोथ पर हो रहा है। किसानों का कहना है कि शुरूआत में और खासकर गेंहू में तो कम ही रोग लगता है। लेकिन इस बार अभी से



गेहूं पीले होने लगे है। ऐसे में किसानों की चिंता बढ़ रही है।

जिले में इस बार मटर सरसों का रकबा 40 फीसदी तक खराब हो चुकी है। ऐसे में किसानों ने दोबारा बुआई की। जिससे सीजन में पिछड़ भी गए। अब फसलों में रोग के कारण दवाई आदि का छिड़काव करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि एक बार स्प्रे में ही 700 से 1200 रुपए तक का खर्च आ रहा है। इसके बाद भी सरसों और मटर,मसूर में तो जड़ माहू और सूखा रोग पर नियंत्रण पाना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में किसानों का अतिरिक्त खर्च भी बढ़ रहा है।

---

#### उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कॉलेज चलो अभियान का पहला चरण शुरू

## कॉलेज में प्रवेश लेने अब विद्यार्थियों को करेंगे जागरूक

*शिक्षण सत्र 2026-27 में विद्यार्थियों को प्रवेश संबंधी दी जायेगी जानकारी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सरकारी कॉलेजों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में विद्यार्थी अधिक से अधिक प्रवेश लें, इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए विभाग द्वारा प्रदेश में एक माह तक श्कॉलेज चलो अभियानश चलाया जाएगा। इस दौरान स्कूलों में पढ़ाई कर रहे कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को महाविद्यालयों में चलाए जा रहे पाठ्यक्रम, संसाधन, इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य सुविधाओं और केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लिए जागरूक किया जाएगा।

अभियान का पहला चरण 5 दिसंबर से शुरू हो गया, जो 5 जनवरी तक चलेगा।




अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार की जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालय के कुलसचिव और कॉलेजों के प्राचार्य को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। कॉलेज चलो अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों सहित पूर्व छात्रों की सक्रिय भागीदारी की जाएगी।

साथ ही पंचायत सचिव, ग्राम सभा, स्व-सहायता समूह एवं युवा संगठनों के साथ बैठक कर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से सुझाव भी लिए जाएंगे।

### महीनेभर चलेंगी गतिविधियां

महाविद्यालय की टीम द्वारा विद्यालयों का एवं उनके अभिभावकों भ्रमण किया जाएगा। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, उपलब्ध पाठ्यक्रम, कैरियर अवसरों एवं प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस दौरान महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रयोगशाला, खेल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। करियर कॉउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को विषय चयन, उच्च अध्ययन, रोजगार एवं कौशल आधारित शिक्षा के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा। नई शिक्षा, नई दिशा के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रमुख प्रावधान बहुविषयक शिक्षा, क्रेडिट बैंक, कौशल आधारित पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम चयन, विषय चयन के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जाएगी। आर्थिक सहायता, शैक्षिक सफलता अंतर्गत केंद्र, राज्य सरकार एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं से अवगत कराया जाएगा।